लोकसभा अध्यक्ष की पहल पर अब दिल्ली के अस्पतालों में भी निशुल्क भोजन

श्री बिरला रवाना करेंगे ''प्रसादम रथ''

नई दिल्ली, 20 मार्च, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की पहल पर अब दिल्ली के छह अस्पतालों में मरीजों के तीमारदारों को निशुल्क भोजन मिलेगा। श्री बिरला सोमवार को अपने नई दिल्ली स्थित निवास से प्रसादम रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

इन प्रसादम रथों में भोजन को पकाने और गर्म करने की सुविधा है। यह प्रसादम रथ अब शहर के राम मनोहर लोहिया अस्पताल, सफदरजंग अस्पताल, लेडी हार्डिंग अस्पताल सहित छह अस्पतालों में मरीजों के तीमारदारों को गर्म, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाएंगे।

यह प्रसादम रथ स्वयं श्री बिरला की ओर से ही उपलब्ध करवाए गए हैं।

आओ साथ चलें संस्था द्वारा अब तक चार अस्पतालों में प्रतिदिन 1000 मरीजों के तीमारदारों को पैकेट के माध्यम से भोजन उपलब्ध करवाया जाता था। लेकिन अब लोक सभा अध्यक्ष की पहल पर योजना का विस्तार करते हुए प्रसादम रथ तैयार किए गए हैं।

इस सुविधा का शुभारंभ श्री बिरला सोमवार सुबह 9.30 बजे अपने दिल्ली स्थित निवास पर करेंगे। इस सेवा का विस्तार जल्द ही दिल्ली के अन्य अस्पतालों तक भी किया जाएगा।